राजस्थान में होहोबा की खेती

*177. **श्री सोम पाल :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान के सहयोग से राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्रों में होहोबा की खेती करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में अब तक क्या नीति तय की गयी है ?

(ग) कब तक इसकी बडे पैमाने पर खेती होने लगेगी ;

(घ) 'होहोबा' नामक पौधे की प्रति एकड हैक्टेयर भूमि पर खेती मे क्या-क्या उत्पाद उपलब्ध हो सकते हैं और उन्हें किन-किन प्रयोजनों हेतु उपयोग किया ज सकता है और

(ड.) उनसे कितनी आमदनी हो सकती है ?

कृषि मंत्री (श्री बलराम जाखड़) : (क) महोदय, राजस्थान सरकार का होहोबा (जोजोबा) की खेती का विस्तार राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों में करने का कार्यक्रम है । केंद्रीय मरू क्षेत्र अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित टेक्नोलोजी की सहायता से इस पौधे को उगाया जा रहा है । केन्द्र सरकार की इस संबंध में कोई योजना नहीं है ।

(ख) और (ग) राजस्थान सरकार सन 2003 तक 50,000 हैक्टेयर क्षेत्र में किसानों के खेतों में होहोबा उगाना चाहती है । कार्यक्रम के अनुसार पौध की लागत में 50 प्रतिशत की सहायता (सबसीडी) देने और नवार्ड (एन–ए०बी–ए०आर० डी.) के माध्यम से इसके लिए ऋण की व्यवस्था करने का विचार है ।

(घ) इस पौधे के बीजों से आर्थिक उत्पाद प्राप्त होते हैं । बीजों से तरल मोम निकाला जाता है । बीजों में 50 प्रतिशत तरल मोम होता है । इसका मोम स्पर्म व्हेल तेल का उत्तम विकल्प है । इसका सबसे बडा इस्तेमाल अधिक रफ्तार से चलने वाली मशीन में चिकनाई (लूब्रि० कैन्ट) के साधन (पुनर्नवीकरण साधन से) के रूप में होता है । प्रसाधन और औषध उद्योगों में भी इसका प्रयोग किया जाता है ।

(ड.) प्रति हेक्टर 1200 कि. ग्रा. बीजों की उपज से 600 कि. ग्रा. तरल मोम निकाला जा सकता है । यद्यपि इसे फसल को लगाने के तीसरे वर्ष में इसमें फूल आने लगते हैं और बीज बनने लगते हैं, पर अच्छी उपज 10वें साल से मिलनी शुरू होती है । पौधों की जीवन-अवधि लगभग 600 वर्ष की होती है और ये शुष्क जलवायु में 3–4 फुट तक ऊंचे होते हैं । सुरक्षित सिंचाई की स्थिति में फसल उगाने के 10 वर्ष बाद 1,20,00 रु. की आमदनी की आशा की जा सकती है । प्रति हैक्टेयर 1600 पौधे उगाने की सिफारिश की जाती है । इनमें से नर पौधों की संख्या 20 प्र. श. हों ।

Bringing Soptrs Disciplines under one Umbrella

*178. SHRI MD. SALIM:
SHRI M. A. BABY:

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whethei Government have any plan to bring all sports disciplines under one umbrella to give better attention to the development of all sports disciplines specially rural sports; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF HUMAN RE. SORUCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) and (b) No, Sir. However, Government of India throujii its nodal agency Sports Au. thority of India plays a pivotal role in the promotion and develpment of

sports especially in respect of Olympic and Asian level disciplines, in coordination wth national federation? and State Governments. It also implements some schemes which havi a direct impact on the development of rural sports.

राजस्थान में किले

*179. **श्री शिवचरण सिंह :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में कितने किले हैं ;

(ख) सरकार ने कितने किलों को मरम्मत हेतु धन दिया है और कितने किलों को केंद्रीय सरकार द्वारा संरक्षित स्मारकों के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया है ; और

(ग) क्या सरकार नवीं और दसवीं सदी के कुछ ऐतिहासिक स्थलों को सुरक्षित रखने का विचार रखती है, और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) और (ख) केंद्रीय सरकार के पास राजस्थान में दस किले हैं जो केंद्रीय संरक्षण में हैं । राज्य के केंद्रीय संरक्षित स्मारकों और इन किलों के रखरखाव के लिए प्रति वर्ष धन प्रदान किया जाता है । राजस्थान में लगभग 108 महत्वपूर्ण किलें हैं जिनमें से 10 केंद्रीय संरक्षण में हैं और 17 राज्य संरक्षण में है ।

(ग) राजस्थान में नौवीं और दसवीं शताब्दी के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थान पहले से ही केंद्रीय सरकार के संरक्षण में हैं । तथापि, यदि कोई अन्य स्थान केंद्र सरकार के ध्यान में आता है और जिसे राष्ट्रीय महत्व का समझा जाता है, तो उसे सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाए जाते हैं । किसी भी काल के स्मारकों के संरक्षण का कार्य एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है ।

@ पूछा: अतारांकित प्रश्न: 378 25 फरवरी, 1993 स्थानान्तरित ।

देश में महिलाओं में निरक्षरता

*180. **श्रीमती सरला माहेश्वरी :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में निरन्तर महिलाओं की प्रतिशतता कितनी है (

(ख) क्या यह सच है कि गत दस वर्षो के दौरान निरक्षर महिलाओं की प्रतिशतता में वृद्धि हुई है ; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और महिलाओं में साक्षरता को बढावा देने हेतु क्या-क्या विशेष उपाय किए जा रहे हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार महिलाओं की निरक्षरता दर 60.81% थी ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

भारतीय कृषक उर्वरक निगम के उर्वरकों में मिलावट

@1345. **श्री रामसिंह राठवा :** क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि भारतीय कृषि उर्वरक निगम द्वारा उत्पादित उर्वरकों में मिलावट की जाती है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई/किए जाने का विचार है ?